कार्यालय कलेक्टर (म.बा.वि.शाखा) जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा

क्रमांक/ 1258 /म.बा.वि./2023-24 दंतेवाड़ा, दिनांक 15/01/24

प्रति,

संचालक,
जनसम्पर्क एवं प्रकाशन संचालनालय
रायपुर (छ0ग0)

विषय : विज्ञापन प्रकाशन के संबंध में।

---000---

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि महिला एवं बाल विकास विभाग दन्तेवाड़ा अंतर्गत जिला स्तर पर जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (District Hub for Empowerment of Women) हेतु पात्र आवेदकों से कार्यालय कलेक्टर महिला एवं बाल विकास विभाग दन्तेवाड़ा में दिनांक 05.02.24 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। कृपया विज्ञापन नियमानुसार प्रकाशित किये जाने का अनुरोध है।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

कार्यालय कलेक्टर (म.बा.वि.शाखा) जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा

क्रमांक / 1259 / म.बा.वि. / स्था0 / 2023–24 दंतेवाड़ा, दिनांक 15-1-24

/ / विज्ञापन / /

भारत सरकार एकीकृत महिला शक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा एवं बचाव हेतु एक अम्ब्रेला योजना "मिशन शक्ति" की शुरूआत की है। मिशन शक्ति के अंतर्गत सभी आने वाली योजनाओं का क्रियान्वयन एवं संचालन जिला स्तर पर जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (District Hub for Empowerment of Women) के द्वारा किया जाना है। **जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र HUB(DHEW)** दिशा निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक जिले के हब हेतु 08 पदों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। उक्त रिक्त पदों की संविदा भर्ती हेतु पात्र आवेदकों से दिनांक 05/02/24 तक कार्यालयीन समय शाम 5:00 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग दन्तेवाड़ा में पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन आमंत्रित है। विवरण निम्नानुसार है –

क्र0	पदनाम	जिले हेतु स्वीकृत पदों की संख्या			वेतन मैट्रिक्स लेवल	निर्धारित एकमुश्त / संविदा मासिक वेतन
		UR	ST	योग		
1	जिला मिशन समन्वयक	01	0	01	10	31450
2	जेन्डर विशेषज्ञ	00	02	02	8	25780
3	वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ	00	02	02	7	20900
4	कार्यालय सहायक	01	0	01	6	18420
5	डाटा एन्ट्री ऑपरेटर PMMVY	01	0	01	4	14200
6	मल्टी टास्क स्टाफ	01	0	01	2	11720

- उपरोक्त नियुक्ति छ0ग0 सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम–2012 का नियमन के तहत् होगा।
- उपरोक्त पदों की संख्या परिवर्तनीय हो सकती है अथवा अपरिहार्य कारणों से पद / पदों पर नियुक्ति स्थगित की जा सकती है तथा किसी प्रकार की सिफारिश करने वाले उम्मीदवार का आवेदन पत्र स्वयंमेव ही निरस्त माना जाएगा।
- विज्ञापन की विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के सूचना पटल पर एवं NIC दन्तेवाड़ा की वेबसाईट www.dantewada.gov.in पर देखी जा सकेगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार